वैश्विक मंदी के बावजूद वर्ष 2013-14 तक के अग्रिम अनुमानों के अनुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद में गत वर्ष की तुलना में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जो कि 6.0 प्रतिशत के करीब ही है। उद्योग क्षेत्र में वृद्धि लक्ष्य से कम रहने का अनुमान है। इसके 7.5 प्रतिशत के लक्ष्य के विरूद्ध 4.7 प्रतिशत की उपलब्धि का अनुमान है। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र में वृद्धि की दर लक्ष्य के विरूद्ध क्रमशः 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

2. सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य

सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) अथवा राज्य घरेलू उत्पाद (GDP) से आर्थिक प्रगति की जानकारी होती है किन्तु आर्थिक प्रगति से कितनी समाजिक प्रगति हुई है इसकी जानकारी नही हो पाती है। इसी सामाजिक प्रगति को मापने के लिये कुछ समाजिक एवं स्वास्थ्यगत सकेंतकों का सहारा लिया जाता है। विश्व समुदाय द्वारा जनता को न्यूनतम सुविधाएँ उपलब्ध कराये जाने हेतु आठ सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, इन्हें ही सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य कहा जाता है। प्रत्येक लक्ष्य की प्राप्ति का अनुश्रवण (Monitoring) किये जाने हेतु निश्चित संकेतक निर्धारित किये गये हैं। इन लक्ष्यों को प्राप्त किये जाने हेतु विश्व समुदाय द्वारा 2015 का लक्ष्य रखा गया है। इन्ही के अनुरूप 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य भी रखे गये हैं। सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों से संबंधित कुछ प्रमुख संकेतको के संदर्भ में 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य तथा उनकी वर्तमान स्थिति निम्नांकित तालिका में प्रदर्शित की गई है।

सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य

क.	विकास संकेतक	इकाई	12वीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य	अद्यतन स्थिति	
				वर्ष	संकेतांक
1	2	3	6	7	8
1.	गरीबी में कमी (स्तर)	प्रतिशत	25	2011-12 PC, GoI	39.9
2.	शिशु मृत्यु दर (IMR)	प्रति हजार जीवित जन्म पर	28	2014 SRS	46
3.	मातृत्व मृत्यु दर (MMR)	प्रति लाख जीवित जन्म पर	122	2010-12 SRS	230
4.	सकल प्रजनन दर (TFR)	प्रति महिला	2	2012 MHFW	2.7
5.	कुपोषण (0 से 3 वर्ष के बच्चों में)	प्रतिशत	40.87	2013 WCD CG	32.51
6.	लिंगानुपात (0 से 6 वर्ष के बच्चें में)	प्रति हजार बालक	999	2011 Census	969
7.	शाला त्याज्य दर (Drop out Rate -Elementry Level) 1. प्रायमरी 2. अपर प्रायमरी	प्रतिशत	0	 2012-13 DISE	4.60 4.14 5.42
8.	साक्षरता दर (Literacy Rate)	प्रतिशत	90	2011 Census	70.3
9.	महिला पुरूष साक्षरता अंतर (Literary Gender Gap)	प्रतिशत	12	2011 Census	20.03

11 वीं एवं 12 वीं पंचवर्षीय योजना में राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में तथा खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में कई नवीन योजनाए प्रांरभ की गई तथा योजनाओं के परिव्यय में क्रमश: आवश्यकतानुरूप वृद्धि की गई । इससे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों का एक ओर उत्पादन बढा और दूसरी ओर लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हए। साथ ही लौगों को रियायती दर पर खाद्यान भी उपलब्ध कराया गया। इन सबका यह परिणाम यह हुआ कि 11 वीं पंचवर्षीय योजना के काल में यद्यपि यह बहुत कम है किन्तु गरीबी में कमी आई है। दीर्घकाल में चालू की गई योजनाओं के परिणाम आने वाले कुछ वर्षो से आने लगेगें तथा उसी दिशा में नई नीतियों के निर्माण से गरीबी में निश्चित रूप से तेजी से कमी आयेगी। योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2004-05 में 49.40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे थे।

किसी भी राज्य की प्रगति को प्रदेश के समाजिक आर्थिक संकेतांक की प्रगति से जाना जा सकता है। प्रदेश के समाजिक आर्थिक संकेतांकों की प्रकृति धनात्मक है। प्रदेश में गरीबी का स्तर वर्ष 2009-10 में 49 प्रतिशत था। 11 वीं पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष में कम हो कर लगभग 40 प्रतिशत हो गया है जो इस बात का घोतक है कि गरीबी उन्मूलन के लिए प्रारंभ किये गये कार्यक्रमों का प्रभाव सकारात्मक रहा है। गरीबी का प्रतिशत 2013-14 में कम होकर

39.9 हो गया है, इसको कम कर 2017 तक 25 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। शिशु मृत्यु दर में भी निरंतर गिरावट आ रही है, वर्ष 2011 की तुलना में वर्ष 2014 में शिशु मृत्यु दर 2 अंक गिरकर 46 प्रति हजार हो गई है। इसी प्रकार कुपोषण में भी कमी आई है, वर्ष 2012 में 0 से 5 वर्ष के बच्चों में कुपोषण का प्रतिशत 40.87 था जो कि वर्ष 2013 में कम होकर 32.51 प्रतिशत हो गया है। मातृत्व मृत्यु दर में भी प्रदेश के निर्माण के बाद से काफी सुधार हुआ है। मातृत्व मृत्यु दर वर्ष 2003 में 379 प्रति लाख से कम होकर वर्ष 2010-12 में 230 प्रति लाख हो गई है। कृषि, उद्योग एवं सेवा के क्षेत्र में भी विकास की गति अच्छी है। 11 वीं पंचवर्षीय योजना में कृषि के क्षेत्र में सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 6.47 प्रतिशत, उद्योग के क्षेत्र में 6.22 प्रतिशत और सेवा के क्षेत्र में 10.46 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य 8 प्रतिशत के विरूद्ध वर्ष 2013-14 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 5.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कृषि के क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर लक्ष्य 6.0 प्रतिशत के अनुरूप 5.8 प्रतिशत रही जो कि अच्छी है। महिला परूष में साक्षरता अंतर को कम करने के लिये भी प्रयास किये जा रहे हैं। इस हेतु बालिकाओं को सायकल, गणवेश तथा किताबें प्रदान करने की योजनाएँ प्रारंभ की गई है। स्कूलों की चारदीवारी में ही बालिकाओं के लिये पृथक शौचालय निर्मित किये जा रहे हैं। बालिका आवासीय विद्यालयों में महिला नगर सैनिक की नियुक्ति आदि के कारण महिला पुरूष में साक्षरता अंतर को कम करने में सफलता मिलेगी।

3. पंचवर्षीय योजनाएँ

राष्ट्रीय स्तर पर अपनायी गयी मिश्रित अर्थव्यवस्था के अंतर्गत देश और प्रदेशों का विकास पंचवर्षीय योजनाओं और वार्षिक योजनाओं के आधार पर किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से वर्तमान तक दो पंचवर्षीय योजनाएँ चली हैं। 10 वीं पंचवर्षीय योजना 2002-03 से 2006-07 और 11वीं पंचवर्षीय योजना 2007-08 से 2011-12। वर्तमान में वर्ष 2012-13 से 12 वीं पंचवर्षीय योजना चल रही है। योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा 11 वीं पंचवर्षीय योजना के लिये कुल रू. 53,729.98 करोड़ का परिव्यय अनुमोदित किया गया था। जिसके विरूद्ध 5 वर्षो में (2007-08 से लेकर 2011-12 तक) कुल रू. 44,536.52 करोड का व्यय किया गया जो कि अनुमोदित परिव्यय का 81.86 प्रतिशत है।

पंचवर्षीय योजना

(राशि- करोड़ रूपये में)

कं.	प्रमुख क्षेत्रक	11वीं पंचवर्षीय योजना		12वीं पंचवर्षीय योजना का प्रस्तावित परिव्यय	उपलब्धि	
		कुल परिव्यय	व्यय		वर्ष 2013-14 वास्तविक व्यय	वर्ष 2014-15 अनुमोदित परिव्यय
1	2	3	4	5	6	7
1	कृषि एवं संबद्ध सेवायें	1955.46	4393.58	8283.74	1709.82	4072.76
2	ग्रामीण विकास	4260.06	1826.77	3668.52	770.01	982.78
3	विशेष क्षेत्र विकास कार्यक्रम	692.80	2374.21	3313.50	518.43	859.50
4	सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण	7227.73	5322.18	11952.26	1734.45	1898.59
5	ऊर्जा	1805.37	1135.06	7337.03	801.71	580.36

6	उद्योग तथा खनिकर्म	815.05	1005.61	1972.32	307.99	327.24
7	यातायात	7227.48	4820.29	13017.31	1906.11	2900.21
8	विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण	3199.53	1354.50	2840.14	493.01	573.61
9	साामान्य आर्थिक सेवायें	834.68	2004.42	5206.92	634.86	163.03
10	समाजिक सेवायें	25330.46	20058.33	61260.26	9396.06	13865.31
11	सामान्य सेवायें	336.36	241.57	0.00	101.70	274.95
12	एकमुश्त केंन्द्रीय सहायता	–	–	–	-	116.66
योग		**53729.98**	**44536.52**	**118852.00**	18374.16	26615-00
13	स्थानीय निकायों के संसाधन	–	–	4421.00	–	–
14	PSEs	–	–	8455.00	–	–
	कुल योग	**53729.98**	**44536.52**	**131728.00**	**18374.16**	**26615.00**

- 11वी पंचवर्षीय योजना में केन्द्रांश के रूप में रू0 186.18 करोड़ एवं वर्ष 2013–14 में रू. 59. 00 करोड़ प्राप्त हुए थे।

योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के लिये संभावित संसाधनों के अनुसार रू. 1,31,728 करोड़ की 12 वीं पंचवर्षीय योजना का अनुमोदन किया गया है। इसमें स्थानीय निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के रू. 12,876 करोड़ के संसाधन सम्मिलित हैं। 11वीं पंचवर्षीय योजना के अनुमोदन के समय स्थानीय निकायों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संसाधनों को सम्मिलित नही किया गया था। 12 वीं पंचवर्षीय योजना के अनुमोदित परिव्यय में से स्थानीय निकायों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संसाधनों के घटानें पर 12 वीं पंचवर्षीय योजना का अनुमोदित परिव्यय रू. 1,18,852 करोड़ हो जाता है। इस प्रकार 12 वीं पंचवर्षीय योजना का अनुमोदित परिव्यय 11 वीं पंचवर्षीय योजना के अनुमोदित परिव्यय से 121 प्रतिशत अधिक है।

11 वीं पंचवर्षीय योजना में सामाजिक सेवाओं का विस्तार तथा कृषि का विकास प्रमुख लक्ष्य थे। इसके अनुरूप कुल व्यय का 45.31 प्रतिशत सामाजिक सेवाओं तथा कृषि के विकास हेतु कृषि एवं संबंध सेवाओं तथा सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर कुल व्यय की 21.51 प्रतिशत राशि व्यय की गई।

12 वीं पंचवर्षीय योजना के कुल परिव्यय की 47 प्रतिशत राशि रू. 61,260 करोड़ सामाजिक सेवाओं के विकास हेतु प्रावधानित की गई है। कुल परिव्यय का 15 प्रतिशत कृषि के विकास पर व्यय किये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा 12 वीं पंचवर्षीय योजना की 10 प्रतिशत राशि प्रदेश में सड़कों के निर्माण पर व्यय की जायेगी।

4. वार्षिक योजनाएँ

वार्षिक योजना 2013–14, 12 वीं पंचवर्षीय योजना का द्वितीय वर्ष है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संसाधनों को सम्मिलित करते हुये योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2013–14 के लिये रू. 25,250.00 करोड़ के परिव्यय का अनुमोदन किया गया था। इसमें रू. 1,940.86 करोड़ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संसाधन है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संसाधनों को कुल अनुमोदित परिव्यय में से घटाने के बाद वार्षिक योजना 2013–14 के अनुमोदित परिव्यय रू. 23,309.14 करोड के विरूद्ध 18,374.16 करोड़ का व्यय किया गया, जो कि कुल परिव्यय का 78.83 प्रतिशत है। कृषि एवं संबद्ध सेवाओं, ग्रामीण विकास तथा सडकों के निर्माण हेतु आंबटित

राशि का केवल क्रमशः 74.2, 77.5 एवं 73.6 प्रतिशत राशि का व्यय किया गया है। यही कारण है कि योजना का कुल व्यय, कुल परिव्यय के विरूद्ध कुछ कम परिलक्षित होता है।

वार्षिक योजना

(राशि करोड़ रूपये में)

क्रं.	प्रमुख क्षेत्रक	वार्षिक योजना वर्ष 2013-14			वर्ष 2014-15 अनुमोदित परिव्यय
		अनुमोदित व्यय	वास्तविक व्यय	व्यय का प्रतिशत	
1	कृषि एवं संबद्ध सेवायें	2304.98	1709.82	74.18	4072.76
2	ग्रामीण विकास	993.53	770.01	77.50	982.78
3	विशेष क्षेत्र विकास कार्यक्रम	840.43	518.43	61.69	859.50
4	सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण	2088.85	1734.45	83.03	1898.59
5	ऊर्जा	924.36	801.71	86.73	580.36
6	उद्योग तथा खनिकर्म	289.48	307.99	106.39	327.24
7	यातायात	2589.25	1906.11	73.62	2900.21
8	विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण	530.77	493.01	92.89	573.61
9	सामान्य आर्थिक सेवायें	675.99	634.86	93.92	163.03
10	समाजिक सेवायें	11756.84	9396.06	79.92	13865.31
11	सामान्य सेवायें	255.67	101.70	39.78	274.95
12	एकमुश्त अतिरिक्त केंन्द्रीय सहायता	59.00	-	-	116.66
योग		23309.14	18374.16	78.83	26615.00
13	सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम	1940.86	-	-	-
कुल योग		25250.00	18374.16	78.83	26615.00

वार्षिक योजना 2014-15 के लिए योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा रूपये 26,615.00 करोड़ के परिव्यय का अनुमोदन प्राप्त किया गया है। कृषि एवं संबद्ध सेवाओं के लिए रूपये 4,072.76 करोड़, ग्रामीण विकास के लिए रूपये 982.78 करोड़, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए रूपये 1,898.59 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अनुमोदित परिव्यय में सर्वाधिक 52.10 प्रतिशत राशि रूपये 13,865.31 करोड़ का प्रावधान सामाजिक सेवाओं हेतु किया गया है।

5. वार्षिक योजना में जनसंख्या के अनुपात में प्रावधान

वार्षिक योजना के प्रावधान तीन मांग संख्याओं के अंतर्गत सामान्य, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति हेतु पृथक-पृथक किया जाना है जिससे एक क्षेत्र की राशि अन्य क्षेत्रों में व्यय न की जा सके। किसी भी रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजाति मद के अंतर्गत प्रावधानित राशि सामान्य मद में व्यय नही की जा सकती है। यह प्रावधान अनुसूचित जाति तथा जनजाति की जनसंख्या का कुल जनसंख्या में प्रतिशत के अनुरूप किया जाना है। वर्ष 2013-14 तथा 2014-15 में अनुसूचित जाति हेतु क्रमशः 12.57 प्रतिशत तथा 11.97 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में अनुसूचित जाति के लोगों का प्रतिशत

12.82 के अनुरूप प्रावधानित किये जाने हेतु प्रयासरत् है। अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 30.62 प्रतिशत है। अतएव अनुसूचित जनजाति हेतु वर्ष 2013-14 तथा 2014-15 में 34 प्रतिशत से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है।

वार्षिक योजना में जनसंख्या के अनुपात में प्रावधान

(राशि- लाख रूपये में)

क्रं.	वर्ष	विभिन्न वर्गो हेतु निर्धारित परिव्यय एवं उसका प्रतिशत					
		सामान्य		अनुसूचित जनजाति उपयोजना (TSP)		अनुसूचित जाति उपयोजना (SCSP)	
		परिव्यय	प्रतिशत	परिव्यय	प्रतिशत	परिव्यय	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	वार्षिक योजना वर्ष 2013-14	1436793.74	53.31	795249.25	34.12	292957.01	12.57
2	वार्षिक योजना वर्ष 2014-15	1391071.98	52.27	951856.78	35.76	318570.84	11.97

6. जिला योजना

भारत के संविधान के 73 वें एवं 74 वें संशोधन द्वारा स्थानीय शासन को संवैधानिक मान्यता प्राप्त हुई है। जिसमें उसे विकेन्द्रीकृत नियोजन अपनाने का विस्तृत आधार प्रदाय किया गया है।

जिला योजना के संदर्भ में संचालित कार्यक्रम/उपलब्धियाँ

1. यूनीसेफ तथा राज्य योजना आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला वार्षिक योजना वर्ष 2015-16 के निर्माण के लिए जिले का स्थिति विश्लेषण निर्धारित सात क्षेत्रकों यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजिविका, अधोसंरचना, उर्जा प्रबंधन तथा नागरिक अधिकार संरक्षण एवं सशक्तिकरण बिन्दुओं पर प्रारूप तैयार किया गया है।
2. प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करके प्रत्येक संभाग से यथा जशपुर, बिलासपुर, धमतरी, राजनांदगांव, उत्तर बस्तर कांकेर जिलें की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है जिसे संबंधित जिलाधीश के समक्ष प्रस्तुतीकरण कर सहमति उपरांत राज्य योजना आयोग के वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है।
3. स्वास्थ्य के आंकड़ों पर सभी जिलों का रिपोर्ट कार्ड बनाया गया, जिसे राज्य के सभी जिलों को प्रेषित किया गया।
4. धमतरी जिले के नगरी विकासखण्ड में जीआईएस आधारित आदर्श सहभागी योजना पर कार्य प्रारंभ किया गया है।
5. संयुक्त राष्ट्र विकास योजना तथा राज्य योजना आयोग के संयुक्त तत्वाधान में विकेन्द्रीकृत जिला योजना सुदृढ़ीकरण करने के लिए वर्ष 2014-15 में एक परियोजना प्रारंभ की गयी है। इस परियोजना के अंतर्गत जिला योजना समिति का क्षमता विकास, जेण्डर आधारित समन्वित जिला योजना, सफल प्रयासों का अभिलेखीकरण एवं फ्लेगशिप योजना में सामाजिक अंकेक्षण को योजना की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

भाग- दो

राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ का बजटीय प्रस्ताव 2014-15

(राशि लाख रूपये में)

क्रं.	योजना शीर्ष एवं क्रंमाक	स्वीकृत बजट वर्ष 2013-14	पुनरीक्षित 2013-14 का वास्तविक व्यय	वर्ष 2013-14 का वास्तविक व्यय	बजट अनुमान 2014-15
1	2	3	4	5	6
1. मांग संख्या -31, मुख्य लेखा शीष- 3451					
1.1	3686- राज्य योजना आयोग (आयोजनेत्तर)	301.60 0.20	273.70 0.20	169.67 -	370.70 0.20
	योग	**301.80**	**293.70**	**169.67**	**390.70**
1.2	6525 - यूरोपियन कमीशन	774.20	774.20	1.79	70.35
	योग	**774.20**	**774.20**	**1.79**	**70.35**
2. मांग संख्या -60, मुख्य लेखा शीर्ष- 3451					
	7282- जिला योजना का सुदृढ़ीकरण (आयोजना)	100.00	100.00	30.41	84.00
	योग	**100.00**	**100.00**	**30.41**	**84.00**

भाग -तीन

राज्य योजना एवं केन्द्र प्रवर्तित योजना

भाग -चार

सामान्य प्रशासनिक विषय

भाग -पांच

अभिनव योजना

अनुश्रवण एवं मूल्यांकन

प्रदेश में संचालित सभी योजनाओं के अनुश्रवण तथा मूल्यांकन हेतु विश्व बैंक की सहायता से वेब आधारित अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पद्धति का विकास किया जा रहा है। साफ्टवेयर पूर्णता की दशा में है। पशुधन विकास विभाग, मत्स्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग में साफ्टवेयर का ट्रायल चल रहा है इन विभागों के द्वारा साफ्टवेयर के उपयोग पश्चात अंतिम रूप से सभी विभाग द्वारा इसे उपयोग में लाया जावेगा। पद्धति के विकास पश्चात कम्प्यूटर की एक क्लिक पर योजनाओं की प्रगति की जानकारी अनुश्रवणकर्ता अधिकारी के समक्ष होगी। राज्य, जिला एवं विकास खण्ड स्तर तक योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों संबंधी अद्यतन जानकारी इस पद्धति के द्वारा प्राप्त की जा सकेगी। योजनाओं में हितग्राहियों की जानकारी प्राप्त करना भी संभव हो सकेगा। साथ ही यदि किसी योजना की प्रगति आशातीत नहीं है तो योजना में बाधा कहां पर आ रही है जिसके कारण योजना की प्रगति बाधित हो रही है, इसकी भी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। हितग्राही मूलक एवं वर्क्स डिपार्टमेंट के योजनाओं की प्रकृति भिन्न-भिन्न होते हुये भी इन सभी का अनुश्रवण इस पद्धति के द्वारा किया जाना संभव हो सकेगा।

पुर्नगठित राज्य योजना आयोग द्वारा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन (Monitoring & Evaluation) में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थाओं की भागीदारी की ओर भी आयोग प्रयासरत है।

भाग –छः

प्रकाशन

वार्षिक योजना 2014–15 के भाग –एक एवं भाग –दो का प्रकाशन किया गया।

भाग – सात

सांराश

राज्य योजना आयोग का प्रमुख दायित्व प्रदेश के विभिन्न विभागों से प्राप्त वार्षिक तथा पंचवर्षीय योजना के प्रस्ताव पर विभागों से चर्चा कर योजनाओं को अंतिम रूप देना तथा अपनी अनुशंसाओं के साथ वित्त विभाग को संस्तुति करना है, साथ ही प्रदेश द्वारा तैयार वार्षिक एवं पंचवर्षीय योजना का योजना आयोग, भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करना होता है। वार्षिक योजना 2014–15 के लिये योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा रूपये 26,615 करोड़ के परिव्यय का अनुमोदन किया गया है। जिला योजना तैयार किये जाने हेतु जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया एवं प्रदेश की वर्तमान स्थिति का जिलेवार स्थिति विश्लेषण तैयार कराया गया है।

------**000**-----

परिशिष्ट - एक (1)

राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ में स्वीकृत एवं भरे पदों की स्थिति

(01 जनवरी, 2015 की स्थिति में)

क्र	स्वीकृत पदनाम	श्रेणी	वेतनमान	ग्रेड वेतन	स्वीकृत पद संख्या	भरे हुए पद	रिक्त पद संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सदस्य		राज्य शासन द्वारा मनोनीत		1	1	0
2	अंशकालीन सदस्य		राज्य शासन द्वारा मनोनीत		1	1	0
3	सदस्य सचिव	प्रथम श्रेणी	37400-67000	10000	1	1	0
4	सलाहकार	प्रथम श्रेणी	37400-67000	8700	4	0	4
5	उप सचिव	प्रथम श्रेणी	37400-67000	7600	1	0	1
6	संयुक्त संचालक	प्रथम श्रेणी	15600-39100	7600	2	2	0
7	संयुक्त संचालक (वित्त)	प्रथम श्रेणी	15600-39100	7600	1	1	0
8	अवर सचिव	प्रथम श्रेणी	15600-39100	6600	1	0	1
9	शोध अधिकारी	प्रथम श्रेणी	15600-39100	6600	4	0	4
10	सांख्यिकी अधिकारी	द्वितीय श्रेणी	15600-39100	5400	4	0	4
11	सहायक संचालक	द्वितीय श्रेणी	15600-39100	5400	2	1	1
12	स्टेनोग्राफर ग्रेड-1	द्वितीय श्रेणी	9300-34800	4400	1	1	0
13	सहायक प्रोग्रामर	तृतीय श्रेणी	9300-34800	4400	1	0	1
14	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	तृतीय श्रेणी	9300-34800	4300	4	2	2
15	कनिष्ठ ग्रंथपाल	तृतीय श्रेणी	9300-34800	4300	1	0	1
16	स्टेनोग्राफर ग्रेड-2	तृतीय श्रेणी	9300-34800	4300	2	1	1
17	स्टेनोग्राफर ग्रेड-3	तृतीय श्रेणी	5200-20200	2800	2	1	1
18	सहायक ग्रेड-1	तृतीय श्रेणी	5200-20200	2800	1	1	0
19	अन्वेषक	तृतीय श्रेणी	5200-20200	2800	4	3	1
20	लेखापाल	तृतीय श्रेणी	5200-20200	2400	1	1	0
21	कनिष्ठ लेखापाल	तृतीय श्रेणी	5200-20200	2400	1	0	1
22	सहायक ग्रेड-2	तृतीय श्रेणी	5200-20200	2400	2	1	1
23	संगणक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	तृतीय श्रेणी	5200-20200	2200	6	3	3
24	सहायक ग्रेड-3	तृतीय श्रेणी	5200-20200	1900	4	1	3
25	वाहन चालक वरिष्ठ	तृतीय श्रेणी	5200-20200	1900	1	1	0
26	वाहन चालक कनिष्ठ	चतुर्थ श्रेणी	4750-7440	1400	4	4	0
27	दफ्तरी	चतुर्थ श्रेणी	4750-7440	1400	1	0	1
28	भृत्य	चतुर्थ श्रेणी	4750-7440	1300	11	6	5
29	चौकीदार	चतुर्थ श्रेणी	Collector Rate		2	0	2
30	वाटरमेन	चतुर्थ श्रेणी	Collector Rate		1	1	0
31	फर्राश	चतुर्थ श्रेणी	Collector Rate		1	1	0

	योग	73	35	38

उपाध्यक्ष कार्यालय हेतु							
क्र0	**स्वीकृत पदनाम**	**श्रेणी**	**वेतनमान**	**ग्रेड वेतन**	**स्वीकृत पद संख्या**	**भरे हुए पद**	**रिक्त पद संख्या**
1	उपाध्यक्ष		राज्य शासन द्वारा मनोनीत		1	1	0
2	विशेष सहायक	प्रथम श्रेणी	15600-39100	6600	1	0	1
3	निज सचिव	द्वितीय श्रेणी	9300-34800	4400	1	0	1
4	निज सहायक	तृतीय श्रेणी	9300-34800	4300	1	0	1
5	सहायक ग्रेड –2	तृतीय श्रेणी	5200-20200	2400	1	0	1
6	वाहन चालक	तृतीय श्रेणी	5200-20200	1900	2	0	2
7	भृत्य	चतुर्थ श्रेणी	4750-7440	1300	3	2	1
	योग				10	3	7
	महायोग				83	38	45

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर

भाग–एक

विभागीय संरचना

राज्य की सामाजार्थिक गतिविधियों में समन्वय, क्षेत्र सर्वेक्षण तथा विविध विषयों पर सांख्यिकी के एकत्रीकरण, सारणीयन एवं संकलित जानकारी के प्रस्तुतीकरण इत्यादि कार्यो को संपादित करने हेतु राज्य, जिला एवं जनपद मुख्यालय पर विभिन्न संवर्गो के अधिकारी एवं कर्मचारी पदस्थ है । वर्तमान में स्वीकृत एवं कार्यरत अमले का विवरण परिशिष्ट–1 में दर्शाया गया है ।

अधीनस्थ कार्यालय

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, के अधीनस्थ जिला स्तर पर प्रदेश के 27 जिलों में जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय स्थापित है । संचालनालय में प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यो के निष्पादन हेतु 09 संभाग है जिनका विवरण **परिशिष्ट–2** में दर्शाया गया है ।

संचालनालय के दायित्व

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सविन्यास, प्रशासन एवं विकास से संबंधित आधारभूत सांख्यिकी का संकलन, सर्वेक्षण, विश्लेषण, मूल्यांकन तथा उन्हें प्रकाशित कर सामाजार्थिक स्थिति का स्पष्ट एवं वास्तविक चित्रांकन करने एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों की सांख्यिकी गतिविधियों में समन्वय स्थापित करने का महत्वपूर्ण दायित्व इस संचालनालय का है । राज्य शासन द्वारा संचालनालय को इस हेतु नोडल अभिकरण घोषित किया गया है ।

संचालनालय के प्रमुख कार्य

1.सामान्य जानकारी

1.1 आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के विन्यास हेतु विकास कार्यक्रमों एवं प्रशासकीय उपयोग हेतु वांछित सांख्यिकी का संकलन एवं विश्लेषण कार्य संपादित किया जाता है, साथ ही राज्य की सामाजार्थिक स्थिति का आंकलन करने के अलावा राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित सर्वेक्षण/मूल्यांकन अध्ययनों का निष्पादन का दायित्व भी संचालनालय का है ।

1.2 प्रचलित अधिनियम तथा नियम निम्नानुसार है :–

(अ) औद्योगिक सांख्यिकी (कारखाना अधिनियम,1948)

(ब) जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969

(स) छत्तीसगढ. राज्य जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2001

(द) सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम, 2008

(ई) सांख्यिकी संग्रहण नियम, 2011

1.3 संचालनालय अपने तकनीकी कार्यो के संपादन हेतु राष्ट्रीय नीति का पूर्णत: अनुसरण करता है । इसके अंतर्गत भारत सरकार के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय, राष्ट्रीय न्यादर्श कार्यालय, महारजिस्ट्रार जन्म–मृत्यु पंजीयन एवं योजना आयोग के अनुदेशों तथा निर्देशों के अनुरूप उपयोगी सांख्यिकी का निर्धारित प्रारूपों में संकलन, संधारण तथा विभिन्न प्रकाशनों का प्रकाशन किया जाता है । राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अनुसूचियों द्वारा राज्य स्तर पर भी संचालनालय में सर्वेक्षण संपादित किया जाता है ।

1.4 केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मार्गदर्शन में राज्य के सकल/निवल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान तैयार किये जाते है ।

1.5 संचालनालय की सांख्यिकी गतिविधियों का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय नीतियों के परिप्रेक्ष्य में राज्य के सांख्यिकी तंत्र का सुदृढ़ीकरण कर प्रशासन, योजनाविदों तथा शोधकर्ताओं को उपयोगी सांख्यिकी उपलब्ध कराना है ।

2 प्रमुख गतिविधियाँ

2.1 राज्य की अर्थव्यवस्था संबंधी प्रकाशन

राज्य की सामाजिक स्थिति तथा उसे प्रभावित करने वाले प्रमुख घटकों एवं नीतियों का वार्षिक विश्लेषणात्मक अध्ययन छत्तीसगढ. का **आर्थिक सर्वेक्षण** के रूप में प्रकाशित किया जाता है । प्रकाशन के अंतर्गत प्रमुख रूप से राज्यीय आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य विकास, वानिकी, जलसंसाधन, ऊर्जा, उद्योग, खनिज, परिवहन, श्रम एवं रोजगार, सहकारिता एवं बैंकिंग तथा सामाजिक क्षेत्र से संबंधित विभागों की विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध करायी जाती है । प्रतिवर्ष विधानसभा के बजट सत्र में यह प्रकाशन माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराया जात है ।

2.2 राज्य घरेलू उत्पाद

राज्य की अर्थ व्यवस्था में होने वाले परिवर्तनों का आकलन करने के लिए भारत सरकार के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष **राज्य के सकल/निवल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान** (प्रचलित एवं स्थिर भावों पर) तैयार किये जाते है । इन अनुमानों को भी प्रतिवर्ष विधान सभा के बजट सत्र में प्रस्तुत किया जाता है ।

2.3 बजट विश्लेषण

राज्य के वार्षिक बजट का **आर्थिक उद्देश्यवार वर्गीकरण** भी संचालनालय द्वारा किया जाता है, जो राज्य की प्राथमिकताओं का सूचक है । संचालनालय द्वारा वर्ष 2014-15 की अवधि में राज्य बजट का आर्थिक उद्देश्यवार वर्गीकरण 2011-12 (लेखा) 2012-13 (पु.अ.) एवं 2013-14 (आ.अ.) नामक प्रकाशन तैयार किया गया ।

2.4 राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्य

केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 71 वें दौर में **''शिक्षा एवं स्वास्थ्य''** विषय पर निर्धारित प्रपत्रों पर क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य संचालनालय के निर्देशन में जनवरी, 2014 से दिसम्बर, 2014 तक पूर्ण कर लिया गया है, डाटा एण्ट्री का कार्य प्रगति पर है । 72 वे दौर में 200 ग्रामीण एवं 124 नगरीय प्रतिदर्श आंबटित है। इस दौर में ''घरेलू यात्रा व्यय'' पर 324 न्यादर्शो के सर्वे का कार्य 01 जुलाई 2014 से प्रथम एवं द्वितीय उपदौर का कार्य किया जा चुका है, शेष उपदौर का कार्य जनवरी 2015 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है।

2.5 जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य

राज्य में जन्म-मृत्यु पंजीयन का कार्य भारत सरकार के जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम,1969 तथा छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2001 के प्रावधानों के तहत् किया जाता हैं।

प्रशासनिक संरचना :-

उक्त अधिनियम एवं नियम में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन द्वारा निम्नांकित पदाधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है :-

क्षेत्र	जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु)	अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार	रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु)
ग्रामीण	जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी	मुख्य कार्य. अधिकारी, जनपद पंचायत	सचिव ग्राम पंचायत
नगरीय	-तदैव-	-	नगर पालिक निगम/ नगर पालिका/नगर पंचायत द्वारा नाम निर्दिष्टि अधिकारी
संस्थागत	-तदैव-	-	1.समस्त शास. अस्पतालों के प्रभारी अधिकारी 2. राज्य के समस्त सार्वजनिक उपक्रम के अस्पतालों के प्रभारी अधिकारी

जन्म-मृत्यु का पंजीयन के प्रभावशाली कार्यान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था निम्नानुसार की गई है :-

पदनाम	धारित पद	अधिकारिता
संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी	मुख्य रजिस्ट्रार	सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य
संयुक्त संचालक (जीव.)	संयुक्त मुख्य रजिस्ट्रार	सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य
उप संचालक (जीव.)	उप मुख्य रजिस्ट्रार	सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य
सहायक संचालक(जीव.)	सहायक मुख्य रजिस्ट्रार	सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य
संभागीय आयुक्त	संभागीय मुख्य रजिस्ट्रार	उनके राजस्व संभाग के भीतर
कलेक्टर	अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार	उनके राजस्व जिले के भीतर
मुख्य कार्य. अधि. जिला पंचा.	सहा. अति. मुख्य रजिस्ट्रार	उनके राजस्व जिले के भीतर

जन्म-मृत्यु पंजीयन बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय :-

(I) छत्तीसगढ़ राज्य में जन्म एवं मृत्यु पंजीयन के सुदृढ़ीकरण को एक अभियान के रूप मे लिया गया था। राज्य में वर्ष 2012 में जन्म पंजीयन का स्तर जहां 69.9 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2013 में यह बढ़कर 82 प्रतिशत हो गया । वर्ष 2014 में शत्प्रतिशत पंजीयन करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार लक्ष्य हासिल कर लिया गया हैं।

(II) राज्य शासन जन्म एवं मृत्यु पंजीयन स्तर में वृद्धि एवं सरलीकृत करने के उद्देश्य से राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों को पंजीयन इकाई बनाया गया है।

(III) विलंबित पंजीयन शुल्क को आगामी पांच वर्ष तक 1 रूपया किया गया, जिसका वहन भी राज्य सरकार द्वारा किया जावेगा। अर्थात् जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क किया गया है।

(VI) जन्म एवं मृत्यु पंजीयन कराने हेतु जन जागरूकता लाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, साथ ही मैदानी कर्मचारियो को प्रशिक्षण दिया गया, एवं उनके कार्यो का सघन निरीक्षण किया गया।

(V) विलंबित पंजीयन को सरल करने हेतु आवश्यक शपथ पत्र (नोटरी) के स्थान पर स्व-प्रमाणित शपथ पत्र को मान्य किया गया है। जिसे एन.ए.एम./एम.पी.डब्ल्यू/स्कूल के प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जाता है।

2.6 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अंतिम औद्योगिक श्रमिको के परिवारिक आय-व्ययों का पायलेट सेर्वक्षण भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मन्त्रालय श्रम ब्यूरो के द्वारा समन्न कराया जा रहा है । वर्ष 2014-15 में छत्तीसगढ राज्य के तीन जिलों का चयन कर लिया गया है। चयनित जिलों के अंतिम बाजार निम्नानुसार है:-

रायपुर ----I- गोल बाजार, II- बीरगांव

कोरबा ----I- निहारिका, II- कोसाबाड़ी, III- ट्रांसपोर्ट नगर

दुर्ग (भिलाई) I- आकाशगंगा, II- केम्प-2

2.7 वार्षिक कार्यकलाप

(क) वर्ष 2014-15 में प्रकाशित प्रकाशन

(1) छत्तीसगढ़ का आर्थिक सर्वेक्षण -2013-14 (फरवरी 2014 में प्रकाशित)

(2) छत्तीसगढ़ के राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान वर्ष 2004-2005 से 2013-14;।द्ध

(3) छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि विपणन- 2012-13

(4) छत्तीसगढ़ का सांख्यिकी संक्षेप 2011-12

(5) अलाभकारी संस्थाओं पर रिपोर्ट (1957 से 2008)

(6) Chhattisgarh At a Glance - 2012

(7) Economic and Purpose Classification of State Government Budget of Chhattisgarh 2011-12 (A/C), 2012-13 (R.E.) & 2013-14 (B.E.)

(ख) सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना प्रारंभ से (सन् 1993-94) जनवरी, 2015 तक कुल 742.75 करोड़ रूपये की राशि छत्तीसगढ़ राज्य हेतु जारी की गई है, जिसमें से राशि रू. 682. 93 करोड़ रूपये की लागत से 41302 निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये । योजनान्तर्गत भौतिक उपलब्धि 92.96 प्रतिशत तथा वित्तीय उपलब्धियॉ 91.94 प्रतिशत रही हैं।

(ग) अन्य सर्वेक्षण कार्य :-

1. अलाभकारी पंजीकृत संस्थाओं का सर्वेक्षण

भारत सरकार केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय, राष्ट्रीय लेखा प्रभाग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अलाभकारी पंजीकृत संस्थाओं के सर्वेक्षण प्रकाशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसकी उपयोगिता प्रमाण-पत्र भारत सरकार को भेजा जा चुका है ।

2. रोजगार बेरोजगार सर्वेक्षण

वर्ष 2013-14 में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रोजगार- बेरोजगार सर्वेक्षण के चतुर्थ चरण का आयोजन लेबर ब्यूरो के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों मे सर्वेक्षण हेतु 164 ग्रामीण तथा 100 शहरी कुल 264 चयनित ईकाईयों सर्वेक्षण पूर्ण कर अनुसूचियां लेबर ब्यूरो चंडीगढ़ को भेजी जा चुकी है ।

(ड.) प्रशिक्षण एवं कौशल विकास

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय तथा अधीनस्थ जिला कार्यालयों के अधिकारियों/ कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिया गया।

क्र	प्रशिक्षण का विषय	अवधि	प्रशिण संस्थान का नाम	संख्या
1	I- आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम	01 से 29 अप्रैल 2014 तक	छ0ग0 प्रशासन अकादमी निमोरा रायपुर	82-नवनियुक्त अधिकारियों को
2	प्रबंधन विकास कार्यक्रम	12 से 17 जनवरी 2015 तक	भारतीय प्रबंध संस्थान सेज बहार रायपुर,	30-अधिकारियों को
3	Data Index Number & Price Statistics Data	15 से 19 सितंबर 2014 तक	NSSTA Govt. of India CSO Greater Noida Uttar Pradesh	02-अधिकारियों को
4	Research Methodology of Rural Development	09. से 18 जून 2014 तक	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद	02-अधिकारियों को

(च) तेरहवे वित्त आयोग की अनुशंसा

तेरहवे वित्त आयोग की सिफारिशों के परिपालन में केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुसार राज्य में निम्नांकित लक्ष्यों/उद्देश्यों (Milestone) को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है:-

(I) जिला स्तर पर व्यापार रजिस्टर का संधारण।

(II) स्थानीय निकायो के लिए प्राप्ती एवं भुगतान के लिए खातों का संधारण।

(III) फार्म गतिविधियों की सांख्यिकी में आवश्यक सुधार करना।

(IV) जिला स्तरीय पैरामीटर संबंधित आंकड़ों के संधारण हेतु केन्द्र एवं राज्य स्तर के (NSSO) के आकड़ों का मिलान कर प्रयोग करना।

(V) राज्य मुख्यालय से जिला मुख्यालयों को नेटवर्क कनेक्टिीविटि उपलब्ध करना।

योजनांतर्गत 18 जिला योजना एव सांख्यिकी कार्यालय को एक-एक करोड़ की अनुदान राशि के अनुपात में राज्य को कुल राशि रू. 18.00 करोड़ प्राप्त हुए है, जिसके विरूद्ध जनवरी 2015 तक राशि रु. 08.28 करोड़ व्यय किया जा चुका है ।

भाग-दो

बजट विहंगावलोकन :-

संचालनालय को आलोच्य वर्ष 2014-15 में सांख्यिकी गतिविधियों के संचालन हेतु गैर योजनान्तर्गत निम्नानुसार आवंटन प्राप्त हुआ है ।

(राशि हजार रू. में)

बजट मद विवरण	वर्ष 2014-15 वास्तविक व्यय (जनवरी 2014)	वर्ष 2014-15 पुनरीक्षित प्रस्ताव	वर्ष 2015-16 के लिए बजट प्रस्ताव
1	2	3	4
आयोजनेत्तर			
1 जन्म-मृत्यु आंकड़ों - 1430	17824.42	20620	27470
2. राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण-0512	8349.733	13413	15430
3. राज्य सांख्यिकी संस्थान-8048	115194.10	158430	181850

योग	**141368.253**	**192463**	**224750**
1. बीस सूत्रीय कार्यक्रम का क्रियान्वयन -2987	9355.62	23008	25248
योग	**9355.62**	**23008**	**25248**

भाग-तीन

संचालनालय द्वारा वर्तमान में निम्नवत राज्य/केन्द्र प्रवर्तित/केन्द्र क्षेत्रीय एवं विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाएँ संचालित की जा रही है ।

(राशि हजार रू. में)

योजना विवरण	वर्ष 2014-15 वास्तविक व्यय (जनवरी 2014)	वर्ष 2014-15 पुनरीक्षित प्रस्ताव	वर्ष 2015-16 के लिए बजट प्रस्ताव
1	2	3	4
राज्य-आयोजना			
6562 जन्म-मृत्यु अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन	230	6210	6210
6564 सांख्यिकी कार्यालयों का सुदृढ़ीकरण	50	430	473
6293 सांख्यिकी अमले का प्रशिक्षण	133	310	341
केन्द्र प्रवर्तित योजना			
5501 जन्म-मृत्यु सांख्यिकी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण	368	7000	7000
7413 राज्य सांख्यिकी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण	0	130	130
केन्द्र क्षेत्रीय योजना			
5537 मृत्यु सांख्यिकी का विश्लेषण	0	609	609
7497 छठवी आर्थिक गणना	353	2500	1200
7414 स्थानीय स्तर विकास हेतु मूलभूत सांख्यिकी	0	2500	2500
विदेशी सहायता प्राप्त परियोजना			
6725 यूरोपियन कमीशन राज्य साझेदारी कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान	0	2200	2200
तेरहवें वित्त आयोग			
7416-तेरहवे वित्त आयोग की अनुसंशा के अंतर्गत प्राप्त अनुदान	32882	76964	**99864**
योग	**32882**	**76964**	**99864**

भाग-चार

सामान्य प्रशासनिक विषय-निरंक

भाग-पांच

अभिनव योजनाएँ-निरंक

भाग–छः

प्रकाशन

आलोच्य अवधि में प्रकाशित प्रकाशनों का परिचयात्मक विवरण निम्नानुसार है :–

1. आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष– (2013–14) :–

प्रस्तुत वार्षिक प्रकाशन में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, ग्रामीण विकास, विशेष क्षेत्र विकास, जल संसाधन, परिवहन संसाधन, पर्यावरण, प्रौद्यौगिकी विकास के साथ ही सामाजिक विषयों से संबद्ध क्षेत्रों में अभिज्ञापित उपलब्धियों का उल्लेख राज्य के संदर्भ में किया गया है । यह प्रकाशन विगत विधान सभा के बजट सत्र वर्ष 2014 में माननीय सदस्यों को वितरित किया गया है ।

2. आय व्ययक संक्षेप– (2013–14) :–

प्रकाशित प्रकाशन में राज्य शासन द्वारा आलोच्य अवधि के लिये प्रस्तावित आयोजना एवं गैर आयोजनेत्तर व्यय तथा उसके सापेक्ष में अनुमानित आय का विवरण तैयार कर वित्त विभाग को प्रस्तुत किया गया, विभाग द्वारा इस प्रकाशन को वार्षिक बजट के साथ विधानसभा में वितरित किया गया ।

3. छत्तीसगढ़ के राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान वर्ष 2004–2005 से 2013–2014 (A)

इस प्रकाशन में राज्य के घरेलू उत्पाद के अनुमान –सकल/निवल (प्रचलित एवं स्थिर भावों पर) संचालनालय द्वारा तैयार कर प्रकाशित किये गये, जिसमें प्रति व्यक्ति आय (सकल/निवल –प्रचलित एवं स्थिर भावों पर) का भी आकलन प्रस्तुत किया गया है।

4. राज्य में कृषि विपणन (2012–13) :–

प्रकाशन में राज्य की प्रमुख फसलों का उत्पादन आवक–जावक एवं बुआई–कटाई का समय संबंधी जानकारी के अतिरिक्त विगत तीन वर्षो में प्रमुख कृषि पदार्थो के उत्पादन एवं मण्डीयों में आवक की जानकारी का तुलनात्मक विवरण आदि शामिल रहता है जो राज्य की सुदृढ़ कृषि विपणन व्यवस्था दर्शाता है।

5. छत्तीसगढ़ का सांख्यिकी संक्षेप (2011–12) :–

इस प्रकाशन में छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित सामाजार्थिक विकास के संकेतांक संबंधी महत्वपूर्ण आंकड़ों को राज्य स्तर पर जिलेवार तालिकाओं के रूप में प्रकाशित किया गया है। राज्य/जिलों के संदर्भ में वर्ष 2009–10, से 2011–12 तक की जानकारी का तुलनात्मक अध्ययन हो सके।

6. छत्तीसगढ़ एक दृष्टि में (2012) :–

इस प्रकाशन में प्रशासनिक, कृषि, ग्रामीण विकास, जल, परिवहन, पर्यावरण एवं सामाजिक अवयवों से संबंधित प्रमुख संकेतांको के आधार पर ऑकड़े प्रस्तुत किये गये हैं जिससे राज्य की विकास अवधारणा का प्रबोधन किया जा सके ।

7. राज्य बजट का आर्थिक एवं उद्देश्वार वर्गीकरण–वर्ष 2011–12 (लेखा), 2012–13 (पु.अ.) एवं 2013–14 (आ.अ.)–

प्रस्तुत प्रकाशन में उद्देश्य के अनुसार किये गये वित्तीय प्रावधान एवं उसके सापेक्ष्य परिव्यय का उल्लेख किया जाता है ।

भाग–सात

सारांश–निरंक

परिशिष्ट –एक

मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के स्वीकृत एवं भरे पदों की जानकारी

(01-01-2015 की स्थिति में)

क्र.	श्रेणी एवं पदनाम	स्वीकृत पद			भरे हुए पद		
		मुख्यालय	जिला	**योग**	मुख्यालय	जिला	**योग**
	प्रथम श्रेणी						
1	आयुक्त सह संचालक	1	0	**1**	1	0	**1**
2	अपर संचालक	1	0	**1**	0	1	**1**
3	संयुक्त संचालक	3	0	**3**	3	0	**3**
4	उपसंचालक	3	27	**30**	3	2	**5**
	द्वितीय श्रेणी						
5	सहायक संचालक योजना	13	27	**40**	3	0	**3**
6	सहायक संचालक सांख्यिकी	0	27	**27**	0	16	**16**
	तृतीय श्रेणी						
7	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	36	122	**158**	36	114	**150**
8	सहायक प्रोग्रामर	1	0	**1**	0	0	**0**
9	अन्वेषक/ खण्ड स्तर अन्वेषक	14	165	**179**	15	87	**102**
10	संगणक (डाटा एण्ट्री आपरेटर)	6	54	**60**	01	03	**4**
10	अधीक्षक	01	0	**01**	0	1	**01**
12	आशुलिपिक ग्रेड-2	01	0	**01**	0	0	**0**
13	आशुलिपिक ग्रेड-3	01	0	**01**	0	0	**0**
14	स्टेनोटायपिस्ट	04	18	**22**	1	0	**1**
15	कनिष्ठ लेखा अधिकारी	01	0	**01**	1	0	**1**
16	के.पी.ओ.	02	0	**2**	0	0	**0**
17	कनिष्ठ लेखा परीक्षक	01	0	**01**	0	0	**0**
18	सहायक ग्रेड-1	04	07	**11**	4	3	**7**
19	सहायक ग्रेड-2	05	27	**32**	1	10	**11**
20	सहायक ग्रेड-3	20	61	**81**	05	18	**23**
21	वाहन चालक	5	7	**12**	01	5	**06**
22	वाहन चालक (आकस्मिकता निधि)	3	20	**23**	03	4	**7**
	चतुर्थ श्रेणी						
23	जमादार	1	0	**01**	01	0	**01**
24	भृत्य	15	61	**76**	13	30	**43**

25	चौकीदार	02	0	**2**	02	0	**02**
26	स्वीपर/फर्राश/वाटरमेन,(कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर)	05	36	**41**	05	24	**29**
	योग	**149**	**659**	**808**	**99**	**317**	**416**

परिशिष्ट–दो

संचालनालय के संभाग एवं निष्पादित कार्यविवरण

1. I. जिला सांख्यिकी तंत्र	1. जिलों का तकनीकी मार्गदर्शन एवं निरीक्षण 2. जिले की प्रकाशनों की समीक्षा एवं दिशा–निर्देश 3. तकनीकी कार्यों की अर्धवार्षिक/वार्षिक समीक्षा
II. सांख्यिकी समन्वय एवं प्रशिक्षण	1. राज्य के समस्त विभागों की सांख्यिकी गतिविधियों की समीक्षा, मार्गदर्शन 2. विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण
2. I. सामाजिक एवं आर्थिक विश्लेषण	1. प्रशासनिक क्षेत्र में नियोजन गणना 2. आर्थिक सर्वेक्षण 3. जिलेवार सामाजार्थिक विकास संकेतांक 4. छत्तीसगढ़ का सांख्यिकी संक्षेप
II. प्रकाशन/ पुस्तकालय	1. राज्य स्तरीय प्रकाशनों का प्रकाशन 2. पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का क्रय, एवं विभागीय प्रकाशनों का वितरण एवं संधारण
3. I. राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण	1. राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्य का सर्वेक्षण, सारणीयन एवं प्रतिवेदन
II. अन्य सर्वेक्षण एवं गणनाएं	1. छटवीं आर्थिक गणना 2. स्थानीय स्तर विकास से संबंधित मूलभूत सांख्यिकी 3. रोजगार–बेरोगार सर्वेक्षण 4. अलाभकारी संस्थाओं का सर्वेक्षण एवं प्रतिवेदन
4. I. राज्यीय आय	1. राज्य/जिला स्तरीय घरेलू उत्पाद के अनुमान 2. राज्य/जिला स्तरीय घरेलू उत्पाद के अनुमान तैयार करने हेतु प्रक्रियागत प्रशिक्षण की व्यवस्था करना
II. पूंजी निर्माण	1. छ.ग.राज्य के सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान तैयार करना
III. लोक वित्त एवं बजट विश्लेषण	1. लोक वित्त तथा स्थानीय संस्थाओं की सांख्यिकी का संकलन एवं संधारण 2. राज्य एवं स्थानीय संस्थाओं के आय व्ययक का आर्थिक उद्देश्यवार वर्गीकरण कर आय–व्यय संक्षेप में तैयार करना
IV. बाजार समाचार	1. थोक/फूटकर मूल्यों का संकलन/समीक्षा 2. कृषि उपज मंडियों का निरीक्षण 3. छत्तीसगढ़ में कृषि विपणन
5. I. औद्योगिक, खनिज,	1. औद्योगिक, खनिज, एवं ऊर्जा सांख्यिकी

ऊर्जा एवं उत्पादन के सूचकांक सांख्यिकी	2. सार्वजनिक क्षेत्रों का लेखा विश्लेषण 3. लोक स्वास्थ्य एवं पविार कल्याण, समाज कल्याण,औद्योगिक सामाजिक सुरक्षा सांख्यिकी
II. भवन एवं गृह निर्माण सांख्यिकी	1 गृह एवं भवन निर्माण सांख्यिकी 2. इमारती सामान के थोक भावों की जानकारी 3 आपदा प्रबंधन सांख्यिकी संकलन
6. जीवनांक सांख्यिकी	1. जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रणाली का संचालन, पर्यवेक्षण निरीक्षण एवं समीक्षा 2. वार्षिक जीवनांक प्रतिवेदन 3. जन्म- मृत्यु रजिट्रीकरण अधिनियम 1969 के कार्यकरण पर वार्षिक प्रतिवेदन 4. मृत्यु के कारणों का चिकित्सा आधार पर वर्गीकरण एवं प्रतिवेदन
7. बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना	1. संबंधित विभागों से प्रगति का मासिक संकलन, संधारण एवं संप्रेषण 2. केन्द्र द्वारा की गई समीक्षा की अनुवर्तन कार्यवाही
8. I. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना	1. मासिक/त्रैमासिक समीक्षा 2. बैठक आयोजित करना एवं निर्देश प्रसारित करना
I I. विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना	1. मासिक/त्रैमासिक समीक्षा करना 2. जिला स्तर पर आ रही कठिनाइयों का निराकरण कर दिशानिर्देश /मार्गदर्शन देना 3. योजनांतर्गत अंकेक्षण, मॉनिटरिंग करना
9. I. प्रशासन	1. प्रशासन, स्थापना, लेखा एवं लेखा परीक्षण तथा बजट प्रस्ताव तैयार करना ।
II. सूचना कें अधिकार	1. प्रभावी अधिनियमों के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समायावधि में निराकरण एवं प्रतिवेदन ।

20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

भाग–एक

सामान्य जानकारी एवं विभागीय संरचना

संचालनालय द्वारा कार्यक्रम का संचालन नहीं किया जाता है, बल्कि कार्यक्रम से संबधित विभागों द्वारा ही योजनाएं संचालित की जाती है। वर्तमान में मात्र संबंधित योजनाओं की प्रगति विभागाध्यक्ष कार्यालयों से प्राप्त कर केन्द्र शासन को संप्रेषित की जाती है । केन्द्र शासन का बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग योजना की मासिक समीक्षा कर प्रतिवेदन निर्गम करता है। छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यक्रम के अंतर्गत अभिज्ञापित प्रगति की समीक्षा का दायित्व राज्य स्तर पर वित्त एवं योजना विभाग द्वारा आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय को हस्तांतरित किया गया है । संचालनालय स्तर पर 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु पदों की संरचना स्वीकृति नहीं है, बल्कि संचालनालय के लिए स्वीकृत अमले से ही इसे अतिरिक्त कार्य के रूप में किया जाता है।

अधीनस्थ कार्यालय

कार्यक्रम के प्रारंभ से (वर्ष 1975) में प्रत्येक जिला/विकास खण्ड स्तर पर क्रमशः सहायक ग्रेड–2 व सहायक ग्रेड–03 का एक–एक पद स्वीकृत किया गया था जो आज भी जीवित है ।

विभागीय दायित्व

1. कार्यक्रम की प्रगति का संकलन, अनुश्रवण एवं समीक्षा ।
2. राज्य/जिला/विकास खण्ड स्तरीय एवं शहरी बीस सूत्रीय समितियों का गठन
3. केन्द्र शासन के बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रसारित निर्देशों पर अनुवर्तन कार्यवाही ।
4. सामाजिक सुरक्षा समूह बीमा योजना का अनुश्रवण एवं समीक्षा ।
5. विभागीय प्रशासनिक कार्यवाही ।

प्रभावी अधिनियम एवं नियम

1. छत्तीसगढ़ (लोक अभिकरणों के माध्यम से) बीस सूत्रीय कार्यक्रम अधिनियम, 1980
2. छत्तीसगढ़ (लोक अभिकरणों के माध्यम से) बीस सूत्रीय कार्यक्रम अधिनियम, 1997
3. छत्तीसगढ़ (लोक अभिकरणों के माध्यम से) दीनदयाल अन्त्योदय कार्यक्रम का क्रियान्वयन नियम, 1991
4. छत्तीसगढ़(लोक अभिकरणों के माध्यम से) दीनदयाल अन्त्योदय कार्यक्रम का क्रियान्वयन नियम, 1997

कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ

1. प्रबोधन एवं अनुश्रवण

इस कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्र शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशों के सापेक्ष्य में कार्यवाही करते हुए कार्यक्रम प्रगति/उपलब्धियों का राज्य प्रतिवेदन केन्द्र शासन को संप्रेषित किया जाता है। कतिपय विषयों पर न्यूनतम उपलब्धियों पर विभागीय टीप प्राप्त कर शासन को अवगत कराया जाता है । कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा–निर्देश दिया जाता है ।

2. पंचायती राज संस्थाओं को प्रत्यायोजित दायित्व

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विषयगत प्रगति व उपलब्धियों की समीक्षा का दायित्व क्रमशः पंचायती राज संस्थाओं – (राज्य, जिला व जनपद पंचायतों) को प्रत्यायोजित किया गया है। कार्यक्रम की देख–रेख का दायित्व भी इन संस्थाओं को सौपा गया है।

भाग–दो

कार्यक्रम के अंतर्गत बजट प्रावधान एवं व्यय

कार्यक्रम अंतर्गत जिला/ जनपद पंचायत स्तर पर स्वीकृत पदों पर होने वाले व्यय को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा वर्ष 2014–15 में 23008.00 हजार रूपये का आबंटन उपलब्ध कराया गया है जिसके सापेक्ष में जनवरी, 2015 तक 41.39 प्रतिशत राशि व्यय हुआ है ।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा की विषयगत सूची :–

1. बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्र/राज्य शासन द्वारा संचालित 20 कार्यकलापों को समाहित किया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है

1. रोजगार सृजन–महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ।
   (क) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना(एसजीएसवाई) ।
   (ख) एसजीएयवाई के अंतर्गत अ.जा. अ.जा. महिलाओं एवं विकलांग स्वरोजगारियों को सहायता
2. (क) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत गठित स्व सहायता ग्रुप।
   (ख) स्व सहायता ग्रुप जिन्हों आय का सृजन करने वाली गतिविधियां प्रदान की गई है
3. (क) भूमिहीनों को बंजर भूमि का वितरण,
   (ख) अ.जा.,अ.ज.जा एवं अन्य वितरित की गई बंजर भूमि
4. (क) न्यूनतम मजदूरी प्रवर्तन (फार्म लेबर सहित)
   (i) किया गया निरीक्षण (ii) पाई गई अनियमितताएं (iii) सुधारी गई अनियमितताएं
   (ख) न्यूनतम मजदूरी प्रवर्तन (फार्म लेबर सहित)
   (i) किए गए दावे (ii) निपटाए गए दावे
   (ग) न्यूनतम मजदूरी प्रवर्तन (फार्म लेबर सहित)
   (i) लंबित अभियोजन केस (ii) दायर किए गए अभियोजन केस (iii) निर्णीत अभियोजन केस
5. (क) खाद्य सुरक्षा लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) एएवाई, एपीएल और बीपीएल के लिए
   (ख) खाद्य सुरक्षा–टीपीडीएस केवल अन्त्योदय अन्न योजना(एएवाई)
   (ग) खाद्य सुरक्षा–टीपीडीएस केवल गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल)
   (घ) खाद्य सुरक्षा–टीपीडीएस केवल गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल)
6. ग्रामीण आवास –इंदिरा आवास योजना
7. शहरी क्षेत्रों में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी आवास,
8. (क) ग्रामीण क्षेत्र–एआरडब्ल्यूएसपी शामिल बसावटें (एनसी/पीसी)
   (ख) छूटी हुई बसावटों तथा जल गुणवत्ता की समस्याओं वाली बसावटों में कार्यो की शुरूआत
9 ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम,
10. संस्थानिक प्रसव,
11. सहायता प्राप्त अनुसूचित जाति परिवार
12. आईसीडीएस योजना का वैश्वीकरण (संचयी)
13. क्रियाशील आंगनबाड़िया (संचयी)

14. सात सूत्री चार्टर के अंतर्गत सहायता प्राप्त शहरी निर्धन परिवारों की संख्या
15. (क) वनरोपण- रोपणाधीन शामिल क्षेत्र (सार्वजनिक एवं वन भूमि)
    (ख) वनरोपण - रोपित पौध (सार्वजनिक एवं वन भूमि)
16. ग्रामीण सड़कें - पीएमजीएसवाई के अधीन निर्मित सड़के
17. राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अतंर्गत गांव को बिजली प्रदान की गई ।
18. म्पसेटों को बिजली
19. विद्युत आपूर्ति

भाग-तीन एवं भाग-चार निरंक

भाग-पांच

अभिनव योजनाएँ-निरंक

भाग-छः

प्रकाशन

राज्य शासन द्वारा समेकित प्रतिवेदन के आधार पर समसामयिक समीक्षा की जाती है, तदनुरूप केन्द्र शासन द्वारा भी राज्य के परिपेक्ष्य में समीक्षा प्रतिवेदन राज्य शासन को प्रेषित किया जाता है । राज्य शासन अथवा संचालनालय द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रम संबंधी कोई भी प्रकाशन जारी नहीं किया जाता है ।

वार्षिक लक्ष्य 2014-15

केन्द्र शासन द्वारा राज्य के लिये निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि माह अक्टूबर, 2014 की स्थिति में निम्नानुसार है :-

योजना/कार्यक्रम विवरण	भौतिक इकाई	वार्षिक भौतिक लक्ष्य	उपलब्धि	उपलब्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5
1. Rural Housing-Indira AwaasYojana	Number	42889	20180	47.05
06A01 Houses constructed				
2. Rural Areas: National Rural Drinking Water Programme (NRDWP)	Number	8200	4022	49.04
07A03 Habitations covered (Partially covered & slippedback)				
07A04 Coverage of water quality affected	Number	2700	763	28.25
3. Universalization of ICDS Scheme	Number	343	220	64.13
12A01 ICDS Blocks Operational (Cumulative)				
4. Functional Anganwadis	Number	55372	49889	90.09
12B01 Anganwadis Functional (Cumulative)				
5. Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana	Number	1248	120	9.61
18B01 Villages electrified				
6. Energising pump sets	Number	21000	9103	43.34
18D01 Pumps sets energized				

भाग-सात सारांश -निरंक